## संक्षिप्त

### चिकित्सा परामर्श शिविर 30 मई को

**भीलवाड़ा।** शहर के राजकीय आयुर्वेद औषधालय बापूनगर द्वारा 30 मई को नि:शुल्क स्वर्ण प्राशन शिविर आयोजित किया जा रहा है, जिसमें 0 से 16 साल तक के बच्चों को सुबह 9:00 बजे से 2 :00 बजे तक नि:शुल्क स्वर्णप्राशन दवा पिलाई जायेगी । शिविर में डॉ उगन्ता मीणा (शिशु रोग विशेषज्ञ) द्वारा थायराइड, खांसी जुकाम, बालों का झड़ना, जोड़ो का दर्द, घुटनों का दर्द, गठिया रोग, तान आना, बिस्तर में पेशाब करना, सेरिब्रल पाल्सी, खुजली एलर्जी, भूख न लगना, श्वास, अस्थमा, यौन रोग, नि:सन्तानता, सफेद दाद, पथरी आदि पर निशुल्क परामर्श दिया जाएगा । डॉ मीणा ने बताया कि स्वर्णप्राशन का 6 माह तक नियमित सेवन करने से बच्चों की स्मरण शक्ति तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। किसी बच्चे का अपने उम्र के साथियों की तुलना में विकास (जैसे चलना, बोलना, या सामाजिक कौशल) को हासिल करने में देरी होना ऐसे बच्चों के लिए चिकित्सालय पर पंचकर्म थेरेपी भी की जाती है।

### वार्ड पंच निर्विरोध निर्वाचित

**अजमेर, (कासं)।** पंचायती राज संस्थाओं के उपचुनाव मई-जून 2025 के अन्तर्गत जिले में एक वार्ड पंच निर्विरोध निर्वाचित हुए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ज्योति ककवानी ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के उपचुनाव माह मई-जून 2025 के निर्धारित कार्यक्रमानुसार अजमेर जिले की पंचायत समिति सरवाड़ में नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा तथा नाम वापसी के पश्चात पंचायत समिति सरवाड़ के सुनारिया ग्राम पंचायत के वार्ड संख्या एक के लिए रणवीर सिंह निर्विरोध वार्ड पंच निर्वाचित घोषित हुए।


**NAME CHANGE**

I Rampreet Father's of Army No. 18002412P, HAV, Sanjay Kumar Gupta Residing at Mahuwa bujurg, Sardar nagar, Chori chora, Gorakhpur, U.P.273202 have change my Name from Ram Prit Gupta to Rampreet before court campus Nasirabad

**NAME CHANGE**

I Harish Singh Father's of Army No.18011836M, SPR, Ganesh Singh Rana Residing at Sunadi, Ranban, Someshwar, Almora, U.K.263638 have change my Name from Harish Chandra Singh Rana to Harish Singh before court campus Nasirabad

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती रूपा गोयल पत्नी श्री देवेन्द्र गोयल की आवासीय सम्पति 2/187 हाउसिंग बोर्ड पंचशील नगर अजमेर का मूल आवंटन पत्र व कब्जा पत्र कहीं पर खो गये हैं। श्रीमती नीलम तिवारी पत्नी श्री अनिल तिवारी के द्वारा उक्त सम्पति श्रीमती रूपा गोयल से क्रय की जानी है श्रीमती नीलम तिवारी का आवासीय ऋण मेरे पक्षकार बैंक ऑफ बड़ौदा से प्रस्तावित है। यदि किसी व्यक्ति बैंक अथवा किसी भी संस्था को उक्त ऋण के संबंध में कोई आपति हो तो उक्त आम सूचना के तीन दिवस के भीतर-भीतर मेरे पक्षकार बैंक के कार्यालय आर.एल.एफ,रिजनल ऑफिस बैंक ऑफ बड़ौदा पुष्कर रोड अथवा मुझ अधिवक्ता को सूचित करे। अन्यथा कोई आपति मान्य नहीं होगी।-कुलदीप माथुर, एडवोकेट


## श्री महेश नवमी महोत्सव का शुभारम्भ

**ब्यावर (निसँ)** शिव पूजन के पश्चात ही 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के समाज के वरिष्ठजनो का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। राधाकिशन भूतड़ा, विजय करण कांकाणी, अमरचंद बंग, रुद्रदेव झंवर, तेजकरण डोडिया, राधाकिशन मालपानी, परमेश्वरि कांकाणी, रामकन्या डोडिया का शॉल ओढ़ाकर श्रीफल देते हुए द्वारा अभिनन्दन किया गया।इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष रुद्रदेव झंवर, हरविलास झंवर, हरिश मून्दड़ा, सत्यनारायण झंवर, सत्यनारायण हेड़ा, विष्णु हेड़ा, सत्यनारायण असावा, सुनिल मूंदड़ा, सुनील मूंदड़ा, बाल किशन राठी एवं मंत्री ज्ञान प्रकाश जैथल्या, राजेन्द्र डोडिया, रमेश-चित लाख्या, पुरुषोत्तम जाजू का सम्मान किया गया। इसी कर्म में अजमेर जिला माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष संदीप मून्दड़ा उपाध्यक्ष रमेश भराडिया क्षेत्रीय सभा अध्यक्ष डा. एल.एन. बल्दुआ, मंत्री रमेश चितलाग्या का भी स्वागत फिया गया।

# स्वाभिमान और शौर्य की अमर प्रतिमा है महाराणा प्रताप : सकराय

**अजमेर, (कासं)।** सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय परिसर स्थित महाराणा प्रताप प्रतिमा पर माल्यार्पण कर वंदन करते हुए भाजपा पंचायतीराज प्रकोष्ठ प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व आरएसओ संस्थापक अध्यक्ष दशरथ सिंह सकराय ने कहा कि प्रात: स्मरणीय महाराणा प्रताप भारतीय इतिहास के ऐसे वीर योद्धा है जिनका नाम लेते ही राष्ट्र भक्ति, साहस और आत्मसम्मान की भावना जाग उठती है।वो स्वाभिमान और शौर्य की अमर प्रतिमा थे। उनका पूरा जीवन मातृभूमि की रक्षा के लिए संघर्ष और बलिदान का प्रतीक है।

विप्र फाउंडेशन के प्रदेश सचिव कपिल व्यास ने कहा कि महाराणा प्रताप सिर्फ एक योद्धा नही वो सहास, दृढ निश्चिय और मातृभूमि के प्रति अटूट प्रेम की प्रेरणा है।

राजपूत स्टूडेन्ट यूथ ओर्गेनाइजेशन आरएसओ सलाहकार एडवोकेट राजेंद्र सिंह जैजासनी, राजपूत एकता मंच सह संयोजक नरेंद्र सिंह राठौड़, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष बहादुर सिंह सनोद, आरएसओ महाविद्यालय संयोजक विक्रम सिंह शेखावत, मनीष पारीक, गजेन्द्र सिंह देवड़ा ने महाराणा प्रताप प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया।



महाराणा प्रताप की 485 वीं जयंती मनाई ।

**महाराणा प्रताप की 485 वीं जयंती मनाई-** महावीर सेवा परिषद द्वारा महाराणा प्रताप की 485 वीं जयंती पर पुष्कर घाटी स्थित महाराणा प्रताप स्मारक पर जन्म जयंती मनाई गई।

परिषद के अध्यक्ष राजेंद्र गांधी ने इस अवसर पर प्रतिमा पर पुष्प अर्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। महासचिव कमल गंगवाल ने महाराणा प्रताप के जीवन चरित्र एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनकी वीरता देश के हर नागरिक के लिए स्वाभिमान का प्रतीक एवं गौरवपूर्ण ह ।

प्रवक्ता विजय पांड्या ने बताया कि इस अवसर पर स्मारक पर घूमने आए पर्यटकों एवं दर्शकों को प्रताप की वीरता से रूबरू कराया। सभी ने महाराणा प्रताप अमर रहे के नारों से क्षेत्र को गुंजायमान कर दिया।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान भीलवाड़ा में 12 जून तक

**भीलवाड़ा।** केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री, भारत सरकार शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में विकसित कृषि संकल्प अभियान आज से प्रारंभ किया जा रहा है। कृषि एवं किसान कल्याण मन्त्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित यह अभियान कृषि विज्ञान केन्द्र भीलवाड़ा एवं शाहपुरा, कृषि विभाग भीलवाड़ा एवं उद्यान विभाग भीलवाड़ा के संयुक्त तत्त्वावधान में भीलवाड़ा जिले में आयोजित होगा जो कि 12 जून तक चलेगा। अभियान के तहत् आज सुवाणा पंचायत समिति के रूपाहेली, हलेड़ एवं दांथल गाँवों में संवाद किया जायेगा। इस अभियान में गाँव एवं आस-पास के प्रगतिशील किसान, पुरस्कृत कृषक एवं कृषक महिलाएँ, नवाचारी किसान आदि भाग लेंगे। कृषि विज्ञान केन्द्र भीलवाड़ा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. सी. एम. यादव ने बताया कि अभियान में जिले के 90 गाँवों के लगभग 18000 कृषक एवं कृषक महिलाएँ भाग लेंगी जिनसे कृषि वैज्ञानिक सीधा संवाद करेंगे। डॉ. यादव ने बताया कि यह अभियान एक देश, एक कृषि, एक टीम की दिशा में सफल कदम होगा। अभियान में हर दिन तीन गाँवों में कार्यक्रम होंगे। अभियान का मुख्य उद्देश्य खेती को उन्नत बनाना, किसानों की आमदनी बढ़ाकर समृद्ध करना तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लेब टू लेण्ड के मन्त्र को साकार करना है। विनोद जैन, संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार भीलवाड़ा ने बताया कि विकसित कृषि संकल्प अभियान में कृषि के क्षेत्र में नवनीतम तकनीकी, वैज्ञानिक अनुसंधान और कृषि के क्षेत्र में नवाचारों को किसान के खेतों तक पहुँचाने पर जोर दिया जायेगा। यह अभियान न केवल खेती को तकनीकी रूप से उन्नत करेगा बल्कि किसानों के लिए खेती में आ रही समस्याओं के निदान के दरवाजे भी खोलेगा।

डॉ. शंकर सिंह राठौड़, उपनिदेशक उद्यान, भीलवाड़ा ने बताया कि विकसित कृषि संकल्प अभियान में किसानों को फसलों की नवीनतम किस्मों, उन्नत पशुपालन, बागवानी, उन्नत कृषि यन्त्रों की उपयोगिता, खरीफ फसलों की उन्नत तकनीकी, प्राकृतिक खेती, कृषक वैज्ञानिक संवाद, कृषि में मृदा स्वास्थ्य कार्ड का महत्त्व एवं उपयोग, सन्तुलित उर्वरकों का उपयोग, ड्रॉन तकनीकी, फसल बीमा, सुरक्षित अनाज भण्ड़ारण एवं विपणन के साथ ही केन्द्र और राज्य सरकार की कृषक हितार्थ योजनाओं से किसानों को लाभान्वित किया।

## सीनियर सिटिजन सोसायटी की बैठक संपन्न

**अजमेर, (कासं)।** शास्त्री नगर स्थित सामूदायिक भवन में सीनियर सिटिजन सोसायटी ग्रुप 4 की मासिक बैठक समाजसेवी हरि शंकर सारण की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में भावी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा हुई।

सोसायटी के मीडिया प्रभारी डॉ.एसडी मिश्रा ने बताया कि सचिव सुभाष दत्त शर्मा ने बैठक में पिछले माह की कार्यवाही रिपोर्ट पढकर सुनाई जिसका सभी सदस्यों ने अनुमोदन किया।

इस अवसर पर वरिष्ठ सदस्यों कृष्ण गोपाल काबरा, चन्द्र कान्त शर्मा, गिरधारी सिंह चूंडावत, डॉ. एसडी मिश्रा, जसवंत मेहता, अनुप लाल चौधरी ईश्वर सिहानी, सुरेन्द्र कुमार वशिष्ठ, आशा तिवाडी आदि वरिष्ठ सदस्यों को अभिनंदन किया। नए सदस्य के रूप में विजय सिंह चौहान, तिलक राज बगरहट्टा व चरणजीत माहवर का अभिनंदन किया। डॉ. मिश्रा ने बताया कि बैठक में अशोक जोशी, अनिल दगदी एवं विजय यादव आदि का विशेष योगदान रहा। अंत में अध्यक्ष सारण ने सभी का आभार जताया।

## मेन्सट्रुअल हाइजीन डे पर बालक एवं बालिकाओं को किया जागरूक

**भीलवाड़ा।** मेन्सट्रुअल हाइजीन डे यानि मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर, हिन्दुस्तान ज़िंक द्वारा अपनी परिचालन इकाईयों के आस पास के क्षेत्र में यह दिन मनाकर बालिकाओं के स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। कंपनी ने बालिकाओं को मासिक धर्म के बारे में शिक्षित करने और जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न राजकीय विद्यालयों में व्यापक अभियान और जागरूकता सत्र आयोजित किए।

हिन्दुस्तान ज़िंक के स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम के तहत ममता मेन्सट्रूअल हाइनजीन मैनेजमेंट के सहयोग से उदयपुर के जावर, राजसमंद के दरीबा, चित्तौडगढ़ के चंदेरिया और भीलवाड़ा के आगुचा में शिक्षा संबल के अतंर्गत 8 राजकीय विद्यालयों में 582 बालक एवं बालिकाओं को सत्रों के माध्यम से जागरूक किया। इस वर्ष की थीम टूगेदर फॉर ए पीरियड फ्रेण्डली वर्ल्ड के अनुरूप किशोरियों के बीच जागरूकता बढ़ाने और स्वस्थ प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए आकर्षक और शैक्षिक गतिविधियों की एक श्रृंखला आयोजित की गई। सत्र में प्रतिभागियों के मौजूदा ज्ञान का आकलन करने के लिए एक पूर्व-परीक्षण हुआ। महिला डॉक्टर ने मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन एप्रन का उपयोग कर जागरूकता सत्र आयोजित किया, जिसमें मासिक धर्म की जैविक प्रक्रिया, मासिक धर्म चक्र और आवश्यक स्वच्छता प्रथाओं के बारे में बताया गया।आम धारणाओं और गलत सोच को दूर करने के लिए, एक त्वरित मिथक-विरोधी सत्र आयोजित किया गया और बालिकाओं को सत्र में अधिक शामिल करने के लिए कार्ड टूल का उपयोग किया गया। विशेष रूप से डिजाइन किए गए एमएचएम थीम वाले सांप और सीढ़ी मैट का उपयोग कर रूचिकर और इंटरैक्टिव फ्लोर गेम के माध्यम से महत्वपूर्ण स्वच्छता संदेशों को आकर्षक तरीके से व्यक्त किया। सत्र में एनीमिया के लक्षण और रोकथाम को भी शामिल किया गया, जिसमें थकान और पीली त्वचा जैसे लक्षणों की पहचान करने के लिए मार्गदर्शन, एनीमिया चार्ट और आहार युक्तियों द्वारा समर्थित है। इसके अतिरिक्त, मासिक धर्म स्वास्थ्य के बारे में सूचित विकल्प बनाने में मदद करने के लिए सैनिटरी पैड, टैम्पोन, मासिक धर्म कप और डिस्पोजेबल पीरियड पैंटी सहित एमएचएम के विभिन्न सुरक्षित तरीके प्रदर्शित किए गए।

## पुलिस मुस्तैद,चोर बेखौफ

**ब्यावर।** शहर के डिग्गी मोहल्ला स्थित गोयल भवन को चोरो ने अपना निशाना बनाया और हाथ सा किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सूने मकान के मुख्य द्वार का ताला तोड़कर चोर अंदर घुसे थे। अज्ञात चोरों ने मकान से करीब 35 हजार रुपए के सामान पर हाथ साफ किया। घटना के समय मकान मालिक अपने परिवार के साथ नागौर गया हुआ था जबकि लौटने पर घटना की जानकारी मिल सकी।पीड़ित परिवार के सदस्य लक्ष्य गोयल ने पुलिस को सूचना दी जिस पर मौके पर पहुंचकर मौका मुआयना किया।


**कार्यालय ग्राम पंचायत बबाईचा पंचायत समिति अजमेर ग्रामीण(अजमेर)**

क्रमांक-ग्रा.पं.बबाईचा/महानरेगा/निविदा/2025-26/04 दिनांक :-26.05.25

ई-निविदा सूचना संख्या 02/2025-26

ग्राम पंचायत बबाईचा में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी योजना एवं अन्य विभिन्न योजनाओं के संचालित निर्माण-कार्यों के लिए निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया के तहत इच्छुक प्रतिष्ठानों से वार्षिक दर संविदा/दर अनुबन्ध करने हेतु संवेदकों से निविदा दिनांक 26.05.2025 से 04.06.2025 तक आमंत्रित की जाती है।

विस्तृत जानकारी http://sppp.rajasthan.gov.in/& http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

NIB NO: ZAJ2526A0594
UBN No: ZAJ2526GLRC00652

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत बबाईचा, पं.स. अजमेर ग्रामीण(अजमेर)
प्रशासक, ग्राम पंचायत बबाईचा, पं.स. अजमेर ग्रामीण(अजमेर)

**कार्यालय ग्राम पंचायत बीर पंचायत समिति अजमेर ग्रामीण (अजमेर)**

क्रमांक-ग्रा.पं.बीर/महानरेगा/निविदा/2025-26/26 दिनांक :-23.05.25

ई-निविदा सूचना संख्या 02/2025-26

ग्राम पंचायत बीर में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी योजना एवं अन्य विभिन्न योजनाओं के संचालित निर्माण-कार्यों के लिए निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया के तहत इच्छुक प्रतिष्ठानों से वार्षिक दर संविदा/दर अनुबन्ध करने हेतु संवेदकों से निविदा दिनांक 23.05.2025 से 11.06.2025 तक आमंत्रित की जाती है।

विस्तृत जानकारी http://sppp.rajasthan.gov.in/& http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

NIB NO: ZAJ2526A0567
UBN No: ZAJ2526GLRC00627

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत बीर, पं.स. अजमेर ग्रामीण(अजमेर)
प्रशासक, ग्राम पंचायत बीर, पं.स. अजमेर ग्रामीण(अजमेर)


# सडक़ों पर दौड़ रही निगम की कचरा गाड़ी, आमजन परेशान

- बाइक सवार को बिना नंबरी कचरा ट्रक चालक ने मारी टक्कर

**अजमेर, (कासं)।** यातायात सुरक्षा को लेकर जहां यातायात पुलिस द्वारा वाहन चालकों को बिना हेलमेट वाहन चलाने पर आए चालान काटे जाते हैं, लेकिन शहर की सडक़ों पर बिना नंबरी व अनफिट नगर निगम के कचरा परिवहन वाहन बेखौफ दौड़ रहे है। ऐसे वाहन आमजन के लिए यमदूत बन रहे है। न तो इन गाडिय़ों का रजिस्ट्रेशन अपडेट है, न ही फिटनेस सर्टिफिकेट, कई गाडिय़ों पर तो नंबर प्लेट तक नहीं लगी है। निगम और परिवहन विभाग की लापरवाही से ट्रैफिक नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। गुरुवार को एक वाहन चालक को कचरा परिवहन कर रहे बिना नंबरी ट्रक ने टक्कर मार दी।

प्रत्यक्षदर्शीयों के अनुसार गुरुवार सुबह मार्टिंडल ब्रिज के पास बिना नंबर के कचरा परिवहन कर रहे नगर निगम के ट्रक चालक ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। टक्कर से देहली गेट निवासी हर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे 108 एंबुलेंस की सहायता से जेएलएन अस्पताल पहुंचाया गया। गनीमत यह रही कि युवक की जान बच गई। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। यातायात पुलिस भी मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों ने बताया कि निगम के वाहन सडक़ों पर मौत बनकर घूम रहे हैं।

**यातायात नियमों की खुलेआम उड़ रही धज्जियां:** मौके पर मौजूद लोगों ने कहा कि इस घटना ने निगम और परिवहन विभाग की लापरवाही उजागर की है। शहर में प्रतिदिन बिना नंबर प्लेट और अनफिट जर्जर वाहन ट्रक कचरा परिवहन कर रहे है, हालत इतनी खराब है कि ब्रेक, हेडलाइट, इंडिकेटर तक सही नहीं है। कई बार वाहन धुआं छोड़ते हुए लोगों के स्वास्थ्य के लिए भी खतरा बन रहे हैं। गाडियां ओवरलोड होकर चलने से सडक़ पर कई बार जाम के हालात भी बन जाते है और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। मोटर वाहन अधिनियम के तहत सडक़ पर दौड? वाले हर वाहन का पंजीकरण और फिटनेस जरूरी है, लेकिन नगर निगम के वाहनों पर ये नियम लागू नहीं किए जा रहे। अनफिट वाहन खुलेआम कचरा परिवहन कर रहे है, यातायात पुलिस द्वारा न तो रजिस्ट्रेशन की जांच की जा रही है और न ही वाहनों की फिटनेस। परिवहन विभाग की लापरवाही भी साफ नजर आती है। आम नागरिक की गाड़ी पर मामूली गलती पर भारी चालान काटा जाता है, लेकिन अनफिट निगम के वाहनों पर कार्यवाही नहीं की जाती। बच्चे, बुजुर्ग और राहगीर के लिए ऐसे वाहन यमदूत बने हुए है।

## राधेकृष्ण वृद्धाश्रम भवन का निर्माण कार्य शुरू

**मदनगंज-किशनगढ़,(निस)।** अंराई रोड़ बाजेडा बालाजी मंदिर के पास राधेकृष्णा वृद्धाश्रम भवन का निर्माण कार्य शुरू हुआ। नीव मुहूर्त का विधिवत शुभारंभ डॉ जयकृष्ण देवाचार्य महाराज के सानिध्य में पूजा अर्चना कर किया। जय परशुराम सेना संयोजक रूपेश शर्मा ने बताया कि राधे कृष्ण वृद्धाश्रम सेवा समिति अध्यक्ष राकेश शर्मा एडवोकेट ने किशनगढ़ विधानसभा क्षेत्र में वृद्धाश्रम की बड़ी कमी को देखते हुए ऐतिहासिक पहल शुरू की। अध्यक्ष राकेश शर्मा काफी समय से सपने को साकार करने के लिये सार्थक प्रयास के साथ जुटे हुए रहे, विपरीत परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और सेवा कार्य के लिये सफलता मिल ही गई। भामाशाहो ने इनका हौसला बढ़ाकर बढ़चढ़ कर पुनीत कार्य में भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्णय लिया। उपाध्यक्ष गोपाल जांगिड़, कोषाध्यक्ष प्रेमनारायण वैष्णव, सचिव ओमप्रकाश वैष्णव, उप सचिव सुनील शर्मा सहित कार्यकारणी सदस्यों ने सहयोग किया।

# महाराणा प्रताप की 485 की जयंती पर निकाली विशाल शौर्य यात्रा

- गाड़िया लोहार की झांकी रही विशेष आकर्षण का केंद्र
- उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

**आसीन्द ( निसं)।** आसींद नगर मेंवीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 485 की जयंती आसींद कस्बे की अमृत भारती पब्लिक स्कूल में समारोह का आयोजन किया गया वहीं मुख्य बस स्टैंड पीडब्ल्यूडी चौराहे से भव्य विशाल शोभा यात्रा में वाहन रैली ,एवं केसरिया साफा पहने हुए क्षत्रिय समाज बंधु पारंपरिक वेशभूषा में सज धज कर घुड़सवार अपने हाथ में केशरिया ध्वज लिए हुए सम्मिलित हुए वही शोभायात्रा में गाड़ियां लोहार की झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र बनी रही जिसमें गाडोलिया लोहार के परिवार अपने औजारों के साथ झांकी में सम्मिलित हुए पूर्व में प्राचीन समय महाराणा प्रताप के साथ अस्त्र-शस्त्र बनाने का द्वारा किया जाता था त उसी परंपरा को कायम रखते हुए आज एक विशेष झांकी तैयार की गई इसमें गाड़ियां लोहार समाज के महिलाएं पुरुष उनके पारंपरिक वेशभूषा में नजर आए तथा महाराणा प्रताप के साथ जीवन भर साथ रहने का संकल्प का जो सपना था वह यहां कर दिखाया शौर्ययात्रा आसींद कस्बे के मुख्य मार्ग से होते हुए गाड़ी चौक से बड़ा मंदिर पहुंची जहां पर मातृशक्ति के द्वारा लक्ष्मी नारायण मंदिर में महा आरती की गई एवं प्रसाद वितरित किया गया जगह पर शौर्य यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत अभिनंदन किया गया भीषण गर्मी के तहत नगर वासियों ने शीतल पेयजल की जगह-जगह पर सुचारू रूप से व्यवस्था की वही यात्रा पंचायत समिति सर्कल पहुंची जहां पर वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की मूर्ति पर आए हुए अतिथियों जिसमें तारा मठ के महंत एवं पोकरण विधायक प्रताप पुरी महाराज, अंतर्राष्ट्रीय तीर्थ स्थल सवाई भोज महंत सुरेश दास महाराज ,सांसद दामोदर अग्रवाल, पोकरण के प्रधान इंद्र सिंह जोधा, विधायक जबर सिंह सांखला ,नगर पालिका अध्यक्ष देवीलाल साहू ,महाराणा प्रताप स्मृति संस्थान अध्यक्ष तेजवीर सिंह चुंडावत ,सहित गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की मूर्ति पर विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात अमृत भारतीय पब्लिक स्कूल में महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर आयोजित प्रतिभावान समारोह में कार्यक्रम की विधिवत रूप से प्रारंभ किया गया आए हुए अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया त्वहीं संबोधन के दौरान महाराणा प्रताप सेवा संस्थान के अध्यक्ष तेजवीर सिंह चुंडावत ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाराणा प्रताप सेवा संस्थान के द्वारा 485 वी महाराणा प्रताप की जन्म जयंती का कार्यक्रम बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है जिसमें दूर दराज के क्षत्रिय समाज सहित सर्व समाज के लोग शोभा यात्रा में सम्मिलित हुए सभी से यही विनम्र निवेदन है कि समय-समय पर इस प्रकार के आयोजनों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें, साथ ही नगर पालिका अध्यक्ष देवीलाल साहू का आभार व्यक्त करते हुए मंच के माध्यम से चुंडावत में बताया कि जब-जब महाराणा प्रताप सेवा संस्थान को जब भी फोनकिसी कार्य की आवश्यकता पड़ी है तब तब नगर पालिका अध्यक्ष के द्वारा मार्गदर्शन मिलता रहा संस्थान के लिए नवीन भवन हेतु भूमि आवंटन करने तथा महाराणा प्रताप वाचनालय के चार दिवारी बनाने हेतु भी संस्थान के अध्यक्ष चुंडावत द्वाराअपील की गई ।

## सार-समाचार

### यज्ञनारायण अस्पताल में नवजात शिशु का जीवन बचाया

**मदनगंज किशनगढ़, (निस)।** राजकीय यज्ञनारायण अस्पताल में नवजात शिशु इकाई बेहतरीन उपचार करने के लिये चिकित्सा जगत में अनुकरणीय उदारण बन चुकी है। अस्पताल इंचार्ज डॉ परसाराम चौधरी ने शिशु इकाई को सवारने के लिये सभी सुविधा उपलब्ध कराकर सार्थक प्रयास किये, जिसकी परिणिति जिले में यह शिशु इकाई आमजन के लिये वरदान साबित हो रही है। समर्पण और सेवा भावना के साथ डॉक्टर टीम ने एक बार फिर सफलता का परचम फहराया। हुआ यू की गांव पालड़ी निवासी कौशल्या पत्नी लक्ष्मण मेघवाल ने 20 अप्रैल को उप स्वास्थ्य केंद्र रोडावास में बच्ची को जन्म दिया। जन्म के समय नवजात बालिका का वजन बेहद कम था और सांस लेने में कठिनाई हो रही थी। गंभीर हालात को देख इसे तत्काल किशनगढ़ की नवजात शिशु इकाई में भर्ती कराया। परीक्षण में पाया गया की वजन केवल 1.1 किलो है। एपनिया से बचाने के लिए कैफीन साइट्रेट इंजेक्शन देकर इसे लगातार आठ दिन तक ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा। 28 मई को बच्ची का वजन बढ़कर 1.560 किलो हो जाने पर डिस्चार्ज कर दिया। डिप्टी कंट्रोलर डॉ राकेश कुमावत, नर्सिंग अधीक्षक नीलम सिंह के अलावा नवजात शिशु इकाई टीम में डॉ परसाराम चौधरी, डॉ निर्मल निहालपुरिया, डॉ सुरेंद्र काजला, नर्सिंग इंचार्ज प्रदीप गुप्ता, नीलम मालाकार, मनीष, प्रीति, आरिफ, करण, गौरव, खुशी, आयुषी, अमरनाथ, नरेश, भरत मेघवाल शामिल रहे।

### फल सब्जी की प्रयोग शाला में होगी जाँच

**अजमेर, (कासं)।** मुख्यमंत्री भजनलाल के निर्देश के बाद अब फल व सब्जी की प्रयोगशाला में जाच होगी, इसके लिए आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान जयपुर ने निर्देश जारी किये है। जानकारी के अनुसार राजस्थान में फल एवं सब्जियों की जांच के लिए चलाए जा रहे सात दिवसीय विशेष अभियान के तहत गुरूवार को अजमेर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर ज्योत्सना रंगा के निर्देशों पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल द्वारा न्यू सब्जी मंडी ब्यावर रोड के होलसेलर एवं गोदामो कोल्ड स्टोरेज पर सब्जियो की जांच की गई। ब्यावर रोड स्थित न्यू सब्जी मंडी में मैसर्स कमल कुमार रामचंद्र के कोल्ड स्टोरेज का निरीक्षण किया और वहाँ से लाल शिमला ,पीली शिमला मिर्च एवं मटर के नमूने लिए गए। मैसर्स भेरुमल के गोदाम का निरीक्षण करने पर वैध फूड लाइसेंस पाया गया। सब्जी मंडी से भिंडी, बैगन, तुरई और खीरा का नमूना लिया गया। सब्जियों के नमूनों में प्रयोगशाला द्वारा ताजा दिखाने के लिए की जाने वाली अखाद्य पॉलिश और हानि कारक रसायनों के जाँच की जाएगी। खाद्य सुरक्षा दल द्वारा बकरा मंडी स्थित मैसर्स वीआरसी कोल्ड स्टोरेज और राजू होटल वाली गली स्थित मैसर्स श्री बालाजी केला भंडार पर राइपनिंग चैंबर्स पर कार्बाइड का स्पॉट टेस्ट भी किया गय।

### महाराणा प्रताप जयंती मनाई

**मेड़ता सिटी, (निसं)।** 486वीं महाराणा प्रताप जयंती समारोह मीरा स्मारक में आयोजित किया गया । इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूज्य संत रामनिवास शास्त्री, पूज्य साध्वी अनादि सरस्वती के सानिध्य में जयंती का आयोजन किया गया । इस अवसर पर अतिथियों द्वारा महाराणा प्रताप की जीवनी व उनके बलिदान व शौर्य व वीरता का परिचय दिया । वही वरिष्ठ प्रचारक गजेंद्र सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप की जीवनी व उनके द्वारा किए गए शौर्य का हर आमजन हमेशा पीढ़ियों तक याद करेगा। उनके द्वारा किए गए शौर्य को हर युवा नौजवान को उनके शौर्य और प्रक्रम को भूले नहीं । वही इस मौके पर मेड़ता विधायक लक्ष्मण राम कलरू, प्रदेश प्रवक्ता अभिमन्यु सिंह राजवी , राजवीर सिंह स्प्रिंग बोर्ड ,ठाकुर वीरेंद्र सिंह , श्याम सुंदर बिड़ला , रामकरण मिलिंडा सहित कई मुख्यातिथि ने अपने अपने विचार रखे । इस मौके पर लीलाधर सोनी, प्रमोद शर्मा , अन्नराज चौहान , नरेश गोलिया, विक्रम शर्मा, मनहोर गहलोत, कैलाश पुजारी, सुरेंद्र सिंह, गजेंद्र सिं, रामेंद्र सिं, सुरेंद्र सिंह गागुड़ा, नरेंद्र सिंह, सहित राजपूत समाज के कई गणमान्य लोग व महिलाएं मौजूद थे । युवाओं के प्रेरणास्त्रोत राजवीर सिंह चलकाई के मेड़ता पहुंचने पर कई युवाओं ने उनसे बातचीत की वही उनके साथ सेल्फी लेकर उनका स्मृति चिन्ह देकर अभिनंदन किया।

### पति-पुत्र को झूठे केस में फंसाने का आरोप

**अजमेर, (कासं)।** गंज थाना क्षेत्र के एक प्रकरण में फूल बावड़ी निवासी जरीना बानो ने अपने पति व पुत्र को झूठे केस में फंसाने का आरोप लगाया है। जरीना बानो ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच की मांग की है। जरीना बानो ने बताया कि कमरूनिशा और उसका पति शमशुद्दीन पहले उनके पड़ोसी थे। दोनों परिवारों के बीच आपसी जान-पहचान थी। इसी पहचान के चलते कमरूनिशा और उसके पति कई बार पैसों की मदद मांगते रहे। जरीना बानो के पति हाजी मोहम्मद सलीम ने विभिन्न मौकों पर करीब डेढ़ लाख रुपये ऑनलाईन और नकद उधार दिए। महिला के अनुसार जब उनके पति ने उधार दिए पैसों की मांग की तो कमरूनिशा और शमशुद्दीन ने राशि लौटाने में टालमटोल शुरू कर कर दिया। आरोप है कि दोनों ने मिलकर उनके पति का फोन लेकर डेटा चुराया और उन्हें ब्लैकमेल करने लगे। महिला का आरोप है कि शमशुद्दीन व कमरूनिशा ने षड्यंत्र रचकर उनके पति और बेटे के खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज कराया है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच और परिवार को न्याय दिलाने की मांग की है।

### द स्मार्ट अजमेरियन संस्था ने किया बडी छतरियों का वितरण

**अजमेर, (कासं)।** द स्मार्ट अजमेरियन संस्था की ओर से फुटपाथ पर सामान बेचने वालो को तेज गर्मी से बचाव के लिए छतरी का वितरण किया जा रहा है संस्था के उपाध्यक्ष दिनेश के शर्मा ने बताया कि छतरी वितरण का कार्यक्रम संस्था के अध्यक्ष सोना धनवानी के नेतृत्व आयोजित किया गया इस क्रम मे रामगंज में सड़क किनारे फुटपाथ पर समान बेचकर रोजी रोटी कमाने वालों को 40 इंच साइज की छतरी वितरित की गई। इस मौके पर संस्था के हरीश लख्यानी, मनीष सेन, दीपा पारवानी, कशिश बायला के साथ ही रामगंज व्यापारी संघ के महासचिव योगेश गुप्ता व कोषाध्यक्ष सत्यनारायण असरवा ने उपस्थित होकर संस्था द्वारा किये जा रहे कार्यो की भूरी भूरी प्रसंशा की।

## नाले-नालियों का सफाई अभियान शुरू

**मसूदा,(निसं)।** उपखंड प्रशासन के निर्देश पर मसूदा नगर पालिका प्रशासन ने गंदे एवं बरसाती पानी के निकास के लिए बने नाले व नालियों का सफाई अभियान शुरू कर विभिन्न क्षेत्रों में नाले नालियों की सफाई की गई। पालिका अधिशासी अधिकारी अक्षय राजपुरोहित ने बताया कि मसूदा उपखंड अधिकारी की ओर से आपदा प्रबंधन बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुरूप नगर पालिका की ओर से गुरुवार को नाले नालियों का सफाई अभियान चलाया गया किसके तहत विभिन्न क्षेत्रों में बरसाती वह गंदे पानी के निकास के लिए निर्मित नाले नालियों की जेसीबी मशीन के जरिए व नगर पालिका सफाई कर्मचारियों ने सफाई की नगर पालिका अधिशासी अधिकारी राजपुरोहित ने आमजन से अपील की वह कचरा आदि को नाले नालियों में नहीं डाले घर में कचरा संग्रहण कर कचरा गाड़ी में डालकर सफाई व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करेंऔर राजपुरोहित ने गनगर पालिका के आमजन से आग्रह करते हुए कहा कि घरों का कचरा लेने कचरे का वाहन आएगा आप सभी को कचरा वाहन मे गिला सूखा कचरा गाड़ी में ही डाले केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई गई।


**MANAPPURAM FINANCE LTD.**
CIN : L65910KL1992PLC006623
Registered Office: W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

**निलामी सूचना**

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16.06.2025 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुन: सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :
भीलवाडा, गांधी नगर भीलवाडा, 11648070002O546, 11648073002128O,

उपरोक्त नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को निम्नलिखित का पालन करना होगा:- इच्छुक बोलीकर्ताओं को ईएमडी के रूप में रू.10,000/- नीलामी के दिन नकद जमा कराना होगा (असफल बोलीकर्ताओं को बाद में लौटा दिया जाएगा). बोलीकर्ता को वैध पहचना प्रमाण/पैन कार्ड साथ लेकर आना होगा. अधिक जानकारी के लिए कृपया 8089292353 पर संपर्क करें.

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु